तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 31 मई 2026

12 तम्बाकू निषेध दिवस पर संयंत्र का जागरूकता ...



12 नौतपा में भीषण गर्मी के बीच गौ माता अपनी प्यास बुझाते





# पंचायत उपचुनाव का प्रचार थमा : घर-घर पहुंचकर प्रत्याशी कर रहे विकास का वादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

कसडोल ब्लॉक में पंचायत उपचुनाव को लेकर सियासी पारा पूरी तरह चढ़ चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने के बाद अब चुनावी रणभेरी बज चुकी है। इस पूरे उपचुनाव में बलौदाबाजार जिले के कसडोल जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत कोट (क) सबसे ज्यादा सुर्खियों में है। वजह है— यहां के ग्रामीणों का बदला हुआ रुख। जिस गांव ने कभी चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया था, आज वहां लोकतंत्र का उत्सव अपने पूरे शबाब पर है।जब से प्रत्याशियों को उनके चुनाव चिन्ह आवंटित हुए हैं, तब से गांव की गलियां चुनावी नारों से गूंज रही हैं। धुआंधार जनसंपर्क प्रत्याशी और उनके समर्थक सुबह की पहली किरण से लेकर देर रात तक घर-घर जाकर मतदाताओं से आशीर्वाद ले रहे हैं। ग्रामीणों का उत्साह बहिष्कार का फैसला पीछे छोड़ चुके ग्रामीण अब प्रत्याशियों की बातें सुन रहे हैं, उनके वादों को तौल रहे हैं और गांव के विकास के मुद्दों पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं।कोट पंचायत में फिलहाल चुनावी उत्साह अपने चरम पर है। यह तो आने वाला वक्त और मतगणना के नतीजे ही तय करेंगे कि जनता जनार्दन किसे अपनी पंचायत की कमान सौंपती है, लेकिन इस गांव ने बहिष्कार का रास्ता छोड़ चुनाव में शामिल होकर लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत तस्वीर जरूर पेश कर दी है।

## ग्राम पंचायत कोट (क) में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत




### ग्रामीणों को रिझाने में जुटे उम्मीदवार

प्रत्याशियों के बड़े दावे चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवार भी ग्रामीणों को रिझाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। वे कोट ग्राम पंचायत की पुरानी और लंबित समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करने का वादा कर रहे हैं। अब पूरे कसडोल क्षेत्र की नजरें इस बात पर टिकी हैं। ग्रामीणों का यह बदला हुआ रुख और उत्साह किस प्रत्याशी की किस्मत चमकाएगा क्या बहिष्कार का इतिहास बदलने वाला यह गांव इस बार रिकॉर्ड तोड़ मतदान दर्ज कराएगा।

### लोकतंत्र के रंग में रंगा गांव

कभी किया था पूर्ण बहिष्कार अब चुनावी रंग में रंगा गांव ग्राम पंचायत कोट(क) पिछले कुछ समय से स्थानीय राजनीति का केंद्र बना हुआ है। बीते पंचायत चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं और मांगों को लेकर चुनाव का पूर्ण बहिष्कार कर दिया था। उस वक्त ग्रामीणों की नाराजगी के आगे राजनीतिक दल और प्रत्याशी बेबस नजर आए थे, लेकिन इस उपचुनाव में तस्वीर 180 डिग्री बदल चुकी है। बहिष्कार की राह छोड़ ग्रामीणों ने इस बार लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गहरा भरोसा जताया है। ग्रामीण न केवल चुनाव का स्वागत कर रहे हैं, बल्कि चुनावी गतिविधियों में खुलकर हिस्सा भी ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### झेरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**पलारी।** श्रीराधा कृष्ण मंदिर बालसमुंद पलारी में 31 मई को झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक विधानसभा कसडोल, अध्यक्षता जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष झेरिया यादव समाज छत्तीसगढ़, विशेष अतिथि गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, सविता भीम यादव जनपद पंचायत पलारी, सुकालू राम यदु संरक्षक यादव समाज छत्तीसगढ़ होंगे। समारोह में समाज के 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। पलारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष नंदकुमार यादव ने समाज के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थित होने अपील की है।

### ऑनलाइन सट्टा सटोरिया गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करते एक सटोरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टे की रकम 20 हजार रुपए जब्त की है। पुलिस ने कुशालपुर निवासी राजू देवांगन को सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राजू कंकाली तालाब के पास स्कूटर में बैठकर अपने मोबाइल से आईपीएल में ऑनलाइन क्रिकेट पर सट्टा संचालित कर रहा था।

### शेयर बाजार में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 12 लाख की ठगी

**रायपुर।** धरसींवा थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ शेयर बाजार में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 12 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। धनेली निवासी राजेंद्र पाण्डेय ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात व्यक्ति ने उससे सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर शेयर बाजार में रकम निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा दिया और किस्तों में अपने अकाउंट में रकम जमा कराकर ठगी का शिकार बनाया।

## कार्रवाई : मालीडीह सीसी रोड निर्माण में अनियमितता पर दो दिनों में मांगा जवाब

# गुणवत्ताहीन निर्माण पर सरपंच-सचिव को नोटिस, जनपद सीईओ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया के आश्रित ग्राम मालीडीह में डीएमएफ मद से स्वीकृत 5 लाख की लागत से निर्माणाधीन सीसी रोड में कथित भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन निर्माण का मामला सामने आया है, जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) कमलेश साहू ने सरपंच एवं सचिव को नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मालीडीह में राहत आपदा अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि मद से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य की जांच कराई गई। जांच अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग कसडोल द्वारा की गई।



### सरपंच पिता की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के अधिकांश निर्माण कार्य सरपंच के पिता सम्मेलाल साहू की देखरेख में संचालित होते हैं, जबकि वे शासकीय शिक्षक हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में उनकी भूमिका की भी जांच की मांग की है।






### पहले भी उठे थे भ्रष्टाचार के आरोप

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सेमरिया के सरपंच वीरेंद्र साहू द्वारा कराए जा रहे उक्त सीसी रोड निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम और गिट्टी-बजरी अधिक उपयोग किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने आरोप लगाए थे। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आया और निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए जांच शुरू की गई।

### पुष्टि होने पर कार्रवाई होगी

यदि शासकीय शिक्षक द्वारा पंचायत कार्यों में हस्तक्षेप किए जाने की पुष्टि होती है तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- **अरविंद ध्रुव,**
विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कसडोल

### जांच रिपोर्ट में खुली पोल

जांच में निर्माण कार्य के दौरान कई गंभीर तकनीकी खामियां पाई गईं। रिपोर्ट के अनुसार सीमेंट और मसाले का अनुपात निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं था, कार्यस्थल पर वाइब्रेटर मशीन उपलब्ध नहीं थी तथा 10 एमएम गिट्टी का उपयोग तय सीमा से अधिक किया गया। इसके अलावा तकनीकी अधिकारियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का भी पालन नहीं किया गया। सीईओ द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि दो दिवस के भीतर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्माण कार्य निरस्त करने तथा संबंधित राशि की वसूली के लिए उच्च कार्यालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# रिसदा क्षेत्र में संचालित अवैध क्लीनिक सील




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

अवैध रूप से संचालित संचालित क्लिनिकों की जिला प्रशासन द्वारा सख़्ती से जांच व निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को बलौदाबाजार के रिसदा क्षेत्र में संचालित क्लिनिकों की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी के मार्गदर्शन में रिसदा क्षेत्र में संचालित अवैध क्लीनिकों पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप बांधे तथा तहसीलदार निवेश कोरेटी की संयुक्त टीम ने छापा मारा। क्षेत्र में सूरज भोंसले द्वारा संचालित ऋषभ क्लीनिक को वैध लाइसेंस न होने पर भी संचालित किया जाना पाया गया, जिसे पंचनामा बना कर सील कर दिया गया। इस क्लीनिक की शिकायत भी प्रशासन को प्राप्त हुई थी। इसी तरह सूरज प्रकाश साहू द्वारा संचालित कबीर क्लीनिक की जांच की गई, जिसमें संचालक के पास ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ जिला स्वास्थ्य अमला ने की कार्रवाई

# साइबर ठगी की शिकार महिला को 1 लाख वापस



**पलारी।** ग्राम सिसदेवरी निवासी लता बाई फेकर ऑनलाइन 1 लाख रुपये की साइबर ठगी का शिकार होने संबंधी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल में दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक एवं साइबर एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। पुलिस की सक्रियता एवं सतर्क प्रयासों के फलस्वरूप साइबर ठगी की उक्त राशि को सफलता पूर्वक होल्ड कराया गया। आगे की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए 29 मई को थाना पलारी में होल्ड की गई 1,00,000 की राशि प्रार्थिया को वापस कराई ▸▸ शेष पेज 11 पर

# छत्तीसगढ़ की सब-जूनियर बेसबॉल टीम ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

गत दिनों ओडिशा में सम्पन्न 31वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के बालक दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। इस जीत पर छत्तीसगढ़ की विजेता टीम के सभी सदस्यों को हार्दिक दी।

विशेष रूप से टीम के सदस्य अथर्व दीवान एवं आरव दीवान पौत्र मधुसूदन धर दीवान कार्यसमिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा जिला रायपुर ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। टीम की इस सफलता का श्रेय टीम के कोच अख्तर खान एवं लखनलाल देवांगन को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ की टीम ने यह मुकाम हासिल कर प्रदेश का परचम लहराया है।

# जिले की समितियों में खाद बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

## नैनो यूरिया का उपयोग वैकल्पिक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

खरीफ वर्ष 2026-27 खेती के लिये जिले के सहकारी समितियों में खाद एवं बीज़ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान समितियों से उर्वरक और बीज का अग्रिम उठाव तेजी से कर रहे हैं।

इस वर्ष समितियों में उर्वरक भण्डारण हेतु 58350 मीट्रिक टन का लक्ष्य हैं जिसके विरुद्ध 24299 मीट्रिक टन भण्डारण एवं समितियों के द्वारा 4102 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया है।समितियों में 20197 मेट्रिक टन खाद शेष है। बीज भण्डारण लक्ष्य 32690 क्विंटल के विरुद्ध 6593 क्विंटल भण्डारण एवं 3338 क्विंटल वितरण किया गया है।

किसानों को खेती किसानी में दिक्कत न हो इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर में आवश्यकता अनुसार डीजल देने पेट्रोल पंप को निर्देशित नहीं किया गया है। इसके साथ ही ट्रैक्टर के लिए डिब्बा या जरिकेन में भी डीजल ले सकते हैं।

किसानों को नैनो उर्वरक लेने के लिए किसी भी स्थिति में बाध्य नहीं किया जाएगा। यह पूर्णतः वैकल्पिक है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अनुशंसा के आधार पर चार्ट तैयार कर सभी विक्रय केंद्रों पर उपलब्ध कराया गया है। इसमें नैनो उर्वरक न लेने पर प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया, एवं 1 बोरी डीएपी व एमओपी देने का प्रावधान है।

■ प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया व 1 –1 बोरी डीएपी–एमओपी विक्रय केंद्रों में ले सकेंगे किसान

### यूरिया-डीएपी वितरण के नए निर्देश

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में सतत कृषि विकास के लिए वैज्ञानिकों के एकीकृत पोषक प्रबंधन के सुझाव के अनुसार किसानों को रासायनिक उर्वरकों के साथ जैव उर्वरक, जैविक खाद और हरी खाद का उपयोग करने की सलाह दी गई है। खरीफ 2026 में भूमि धारिता के आधार पर किसानों को पिछले वर्ष वितरित यूरिया की 80 प्रतिशत मात्रा तथा डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा ही वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। शेष 20 प्रतिशत यूरिया और 40 प्रतिशत डीएपी वैकल्पिक उर्वरकों (एनपीके) या नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

## अल्दा किसान महापंचायत में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का ऐलान

# फर्जी एनओसी देने वालों की गिरफ्तारी तक जारी रहेगा संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला

ग्राम अल्दा में आयोजित विशाल किसान महापंचायत में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रस्तावित बालाजी एवं अग्रसेन स्पंज आयरन प्लांट के खिलाफ चल रहे ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन देते हुए प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी। महापंचायत में देवरी सहित लगभग 30 से 40 गांवों के किसान, ग्रामीण एवं आंदोलनकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष ▸▸ शेष पेज 11 पर








### संघर्ष समिति बुलाएगी तो आंदोलन में पहुंचूंगा: भूपेश

भूपेश बघेल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस दिन संघर्ष समिति और किसान थाना घेराव करने का निर्णय लेंगे और उन्हें बुलाएंगे, वे स्वयं किसानों के साथ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग थाना के सामने तब तक डटे रहेंगे, जब तक फर्जी एनओसी प्रकरण में दोषी लोगों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती। उनके इस बयान पर महापंचायत में उपस्थित किसानों और ग्रामीणों ने जोरदार समर्थन व्यक्त किया।

### किसानों से एकजुट होकर आंदोलन की रणनीति बनाने का आह्वान

सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अल्दा और देवरी के किसानों तथा आंदोलन संचालन कर रही संघर्ष समिति से कहा कि वे पूरी गंभीरता, धैर्य और एकजुटता के साथ अपने आंदोलन की आगामी रणनीति पर विचार करें। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल दो गांवों की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के पक्ष में कथित रूप से फर्जी कूटरचना कर एनओसी जारी करने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ जब तक एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### कुम्हारी जलाशय का पानी उद्योगों को देने का विरोध

पूर्व मुख्यमंत्री ने पर्यावरण स्वीकृति देने वाले अधिकारियों की भूमिका की जांच कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों और ग्रामीणों के हितों की अनदेखी कर उद्योगों को लाभ पहुंचाने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। महापंचायत में वक्ताओं ने कुम्हारी जलाशय को केवल निस्तारी एवं सिंचाई कार्यों के लिए सुरक्षित रखने तथा उद्योगों को दी गई जल उपयोग संबंधी स्वीकृतियों को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना था कि जलाशय का पानी किसानों और आम जनता की जरूरतों के लिए है, इसे उद्योगों को देना क्षेत्र की कृषि और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा साबित होगा।

खबर संक्षेप

## पीआईसी बैठक में होगी निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि आगामी पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में यह देखा जाएगा कि विभिन्न विषयों पर लिए गए निर्णयों में से कितनों पर अमल किया गया है तथा लंबित मामलों की वर्तमान स्थिति क्या है। अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित निर्णयों की अद्यतन जानकारी एवं प्रगति प्रतिवेदन बैठक में प्रस्तुत करें। जिन निर्णयों पर अब तक कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है, उनके संबंध में कारण एवं शीघ्र निराकरण की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाएगी।

## एनएचएम कर्मचारियों को 6 लाख का निशुल्क लाइफ इंश्योरेंस कवर

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शासन द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू निष्पादित किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके तहत एनएचएम के उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिनका वेतन खाता बैंक ऑफ इंडिया में संचालित है उन्हें 6 लाख का निःशुल्क लाइफ टर्म इंश्योरेंस कवर उपलब्ध कराया जाएगा। यह बीमा कवर सामान्य मृत्यु की स्थिति में प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस व्यवस्था के लिए राज्य सरकार या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। साथ ही, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित समस्त सुविधाएं कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

## तुलसी नगर सुविधाओं का अभाव, जोन कमिश्नर को ज्ञापन



**रायपुर।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक-2 के आयुक्त को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में तुलसी नगर में लंबित गंभीर और बुनियादी समस्याओं के त्वरित निराकरण की पुरजोर मांग की गई है। जिला पदाधिकारियों ने बताया कि तुलसी नगर के रहवासी पानी और साफ-सफाई की घोर अव्यवस्था से बुरी तरह त्रस्त हैं। स्थानीय पार्षद को कई बार अवगत कराने के बावजूद जब कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई, तो उन्होंने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नाग एवं उपाध्यक्ष ऋचा वर्मा ने निगम प्रशासन से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए तुरंत नई पाइपलाइन की मंजूरी दी जाए, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा नालियों की नियमित सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए जाएं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सीएमएचओ कार्यालय के स्टाफ ने ली शपथ



**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पूर्व सीएमएचओ कार्यालय रायपुर में तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जागरूकता संदेशों के साथ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। साथ ही तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ग्रहण की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

# भाजपा का अब घर-घर चलो अभियान, सीएम सहित सभी मंत्री और बड़े नेता भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के 5 जून से लेकर 21 जून तक लगातार कई कार्यक्रम होंगे। इसको लेकर लगातार जिलों की बैठकें भी हो रही हैं। पखवाड़ेभर के कार्यक्रमों में सबसे बड़ा कार्यक्रम घर-घर चलो अभियान रहेगा। यह अभियान नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 साल पूरे होने पर रहेगा।

इसमें 12 साल विश्वास के, जनकल्याण विकास के स्लोगन के साथ अभियान चलेगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सभी मंत्री, विधायक, सांसद, सारे जन प्रतिनिधि और भाजपा के छोटे-बड़े नेता शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जून माह के लिए जो आयोजन तय किए हैं उसमें सबसे बड़ा आयोजन केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने का है। इसमें घर-घर चलो अभियान रहेगा। इस अभियान में हर राज्य के भाजपा के जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता शामिल होंगे। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां पर मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल, विधायक भी आयोजन में शामिल होंगे। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है तो यहां पर सरकार के सभी मंत्री आयोजन का हिस्सा बनेंगे। आयोजन से पहले प्रदेश संगठन जिलों में बैठक करके तय कर रहा है कि क्या-क्या आयोजन कब होंगे।

### बताएंगे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं

घर-घर चलो अभियान में प्रदेश के सभी घरों तक भाजपा नेताओं के पहुंचने का लक्ष्य रहेगा। इसमें घरों तक पहुंचकर भाजपा नेता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे और जानने का प्रयास करेंगे कि इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है नहीं मिल रहा है। किसी कारणवश किसी को किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा होगा तो उनको योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया जाएगा। इसके पीछे का एक बड़ा मकसद अगले साल और 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव भी हैं। इस अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ ही किसी भी क्षेत्र में किसी के घर में दस्तक देंगे। इसी तरह से प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री भी आम जनता के घरों तक जाएंगे और उनसे संवाद करेंगे।

### 5 जून से 21 जून तक लगातार होंगे कार्यक्रम






### पर्यावरण और योग दिवस पर भी आयोजन

सबसे पहले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश भर में इसको लेकर आयोजन किया जाएगा। इसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। इसी के साथ 21 जून को योग दिवस पर भी बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर पर आयोजन होगा। इसमें भी मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा के सभी नेता शामिल होंगे। कुल मिलाकर 5 से 21 तक लगातार आयोजन होंगे, जो केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी के 12 साल पूरे होने का हिस्सा रहेंगे।

## जिला पंचायतों को मिलने वाली राशि प्रभावित क्षेत्र में ही खर्च होगी

# गौण खनिज राजस्व बंटवारे में बड़ा बदलाव, पंचायतों को मिलने वाली राशि के वितरण का नया फार्मूला लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने गौण खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी राजस्व के पंचायतों में वितरण और उसके उपयोग को लेकर नई व्यवस्था लागू कर दी है। खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा सीधे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा, जबकि शेष राशि का बंटवारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के बीच निर्धारित स्लैब के आधार पर किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

सरकार ने 10 अक्टूबर 2012 को जारी पुराने आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह नई व्यवस्था लागू की है। आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत पूर्ववत वित्तीय वर्ष में गौण खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व का 33 प्रतिशत हिस्सा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दिया जाएगा। इसके बाद शेष 67 प्रतिशत राशि का वितरण संबंधित पंचायत संस्थाओं के बीच किया जाएगा।

### अब इस हिसाब से होगा राशि का बंटवारा

नई व्यवस्था के तहत जिन क्षेत्रों में गौण खनिज से प्राप्त राशि 7.50 लाख रुपये तक होगी, वहां पूरी राशि ग्राम पंचायत को मिलेगी। 7.50 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 80 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 10-10 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। इसी प्रकार 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 70 प्रतिशत और जनपद व जिला पंचायत को 15-15 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। 25 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक की राशि पर ग्राम पंचायत का हिस्सा 60 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत का हिस्सा 20-20 प्रतिशत रहेगा। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि होने पर ग्राम पंचायत को 50 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 25-25 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

### स्कूलों, अस्पतालों और श्मशान घाटों पर खर्च की अनुमति

सरकार ने पंचायतों को मिलने वाली राशि के उपयोग के लिए कुछ नए कार्य भी शामिल किए हैं। अब इस राशि से स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओवरहेड टैंक सहित रनिंग वाटर की सुविधा विकसित की जा सकेगी।

सामुदायिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था, मुक्तिधाम निर्माण एवं संधारण, वहां तक पहुंच मार्ग का निर्माण तथा वाचनालयों की स्थापना जैसे कार्य भी इस मद से किए जा सकेंगे।

### खदान प्रभावित इलाकों में ही खर्च होगी जिला पंचायत की राशि

नई नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिला पंचायत को मिलने वाली राशि का उपयोग केवल उन्हीं क्षेत्रों के विकास कार्यों में किया जाएगा जहां खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसके लिए क्षेत्र खनन स्थल से 15 किलोमीटर की परिधि के भीतर होना चाहिए और वहां खनन के प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हों। इससे खदान प्रभावित गांवों और बस्तियों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

### 2022-23 से लागू मानी जाएगी नई व्यवस्था

आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और उससे पूर्व की अवधि में वितरित राशि का उपयोग पुराने आदेश के अनुसार ही किया जाएगा। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 और उसके बाद प्राप्त होने वाली गौण खनिज राजस्व राशि का वितरण और व्यय नई व्यवस्था के तहत किया जाएगा। पुराने आदेश के अन्य प्रावधान यथावत बने रहेंगे। खनिज साधन विभाग का यह निर्णय ऐसे समय आया है जब खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और स्थानीय विकास कार्यों को लेकर लगातार मांग उठती रही है। नई व्यवस्था के जरिए सरकार ने राजस्व के उपयोग को अधिक लक्षित बनाते हुए खदान प्रभावित क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंचाने की कोशिश की है।

# कांग्रेस की बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने ली। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

विजय जांगिड़ ने कहा, कांग्रेस पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन की एकजुटता में निहित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता की समस्याओं को उठाने तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा, कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं गरीब वर्ग की आवाज रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के माध्यम से जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा को और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, वर्तमान समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है और कांग्रेस कार्यकर्ता जनसमस्याओं को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, जिला कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य कर रही है। वहीं कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को उठाते रहेंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएंगे। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# बैज बोले- कोल खदान के लिए पेड़ काटने का विरोध करती है कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा केते एक्सटेंशन कोल परियोजना को मंजूरी दे दी गई है। यह कोयला खदान जहां खोली जा रही है, वह हसदेव अरण्य क्षेत्र में आता है, जहां 1742 हेक्टेयर सघन वन है। इस कोयला खदान के लिए 7 लाख से अधिक पेड़ों को काटा जाएगा। खदान तो राजस्थान विद्युत मंडल को मिली है, लेकिन इसकी खुदाई का ठेका अडानी के पास है। एक बार फिर छत्तीसगढ़ के वनों की बलि चढ़ाई जाएगी। कांग्रेस इसकी निंदा करती है। हम यहां पर एक भी पेड़ काटने का विरोध करते हैं।

श्री बैज ने कहा, पानी मांगने पर भाजपा पार्षद ने हत्या कर दी। प्रदेश में पेयजल की समस्या कितनी ज्यादा गंभीर हो गई है कि इसका भयावह एक उदाहरण राजधानी से लगे मंदिर हसौद में देखने को मिला। यहां पर पानी नहीं पहुंचने की शिकायत भाजपा पार्षद को इतनी नागवार गुजरी कि उसने फरियादी नागरिक की हत्या कर लाश रेत में दफन कर दी। श्री बैज ने कहा, सरकार दुर्भावनापूर्वक जनगणना के वास्तविक आंकड़े बदलवा रही है। सरकार जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों द्वारा एकत्रित किए गए वास्तविक तथ्यों में फेरबदल करवाने के लिए दबाव डाल रही है। श्री बैज ने कहा, भाजपा सरकार द्वारा मीसा बंदियों के परिजनों को पेंशन देने का साय सरकार के निर्णय का कांग्रेस विरोध करती है।

# एक्सप्रेस वे में अवैध मार्ग खोलने को लेकर थाने पहुंचे कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसी शुक्रवार को पंडरी सिटी सेंटर मॉल के लिए एक्सप्रेस-वे के सामने अवैध रूप से मार्ग खोले जाने एवं शासन के नियमों की अवहेलना करने वाले पीडब्ल्यू अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने देवेन्द्र नगर थाना पहुंचे। श्री उपाध्याय ने बताया, रायपुर स्थित एक्सप्रेस-वे के निर्माण के समय शासन द्वारा स्पष्ट रूप से यह नियम निर्धारित किया गया था कि एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर किसी भी प्रकार का नया मार्ग अथवा कट नहीं खोला जाएगा, ताकि तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण दुर्घटनाओं एवं यातायात अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। 05.12.2017 को जारी शासन के नोटिफिकेशन में भी इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि एक्सप्रेस-वे से लगी भूमि पर किसी भी प्रकार का नया रास्ता नहीं बनाया जाएगा। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमों एवं तकनीकी मानकों की अनदेखी करते हुए एक्सप्रेस-वे के सामने अवैध रूप से मार्ग खोल दिया गया है। उक्त मार्ग खोले जाने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक बढ़ गई है, क्योंकि एक्सप्रेस-वे पर वाहन तेज गति से संचालित होते हैं। साथ ही, इससे यातायात बाधित होने एवं जाम की स्थिति निर्मित होने का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। इसलिए उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों एवं अन्य दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# निजी स्कूलों में श्रमिक परिवार की आरक्षित सीट होगी दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



निजी स्कूलों में श्रमिक परिवार के बच्चों को दिए जाने वाले दाखिले में इस सत्र से वृद्धि होगी। उनके लिए आरक्षित सीटों की संख्या अब बढ़ाकर दोगुनी कर दी गई है। श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने मंत्रालय में श्रम विभाग के काम-काज की समीक्षा की। इस दौरान श्रमिकों के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले, इस दिशा में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया।

अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिक परिवारों के बच्चों को स्कूलों में दाखिला प्रदान करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दिशा में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। नए शैक्षणिक सत्र से सीटों की संख्या बढ़ाकर 100 से 200 कर दी गई है। इस योजना से निर्माण श्रमिकों के बच्चों का प्रदेश के निजी स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त होगी।

### पंजीयन के लिए प्रचार-प्रसार

बैठक में श्रमिकों के पंजीयन के लिए प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण और योजनाओं का क्रियान्वयन समय अवधि में पूर्ण करने कहा गया। ठेकेदार को जितने श्रमिकों का लाइसेंस प्राप्त है, उतने ही श्रमिक कार्यरत हैं अथवा नहीं, यह सुनिश्चित करने कहा गया। कारखाने की नियमित जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में ऑनलाइन रेण्डम निरीक्षण, अभियोजन एवं निराकरण की कार्यवाही, छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम अंतर्गत पंजीयन की समीक्षा, मिनी माता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत शामिल योजनाओं की समीक्षा, इसके अलावा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर जिलेवार की गई निराकरण की समीक्षा की गई।

### अपात्र व्यक्तियों को मिला लाभ तो होगी कार्रवाई

छात्रों की शिक्षा का पूरा खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। श्रमायुक्त ने जिलों के श्रम पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस योजना में अपात्र व्यक्ति को लाभ मिलने अथवा किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित जिलों के श्रम अधिकारी जवाबदेह होंगे और उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कृषि विभाग ने जारी किया नया आदेश , रासायनिक खाद को लेकर किसान हैं परेशान

# रासायनिक खाद की किल्लत के बीच जैव उर्वरकों पर सरकार का जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की तैयारी के बीच एक ओर किसान रासायनिक खाद की उपलब्धता को लेकर परेशान हैं, वहीं राज्य सरकार ने हरी खाद और जैव उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई अनुदान व्यवस्था लागू की है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने कृषक समग्र विकास योजना के तहत हरी खाद एवं जैव उर्वरक वितरण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान देने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

राज्य सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर किसानों की निर्भरता कम करना, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना और कृषि लागत में कमी लाना है। हालांकि यह निर्णय ऐसे समय आया है जब प्रदेश के कई जिलों में किसान सहकारी समितियों के माध्यम से रासायनिक खाद नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं।

### किसानों को 50 फीसदी अनुदान की नई व्यवस्था



### खाद संकट और ई-टोकन व्यवस्था से बढ़ी मुश्किलें

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के अनेक जिलों में डीएपी और अन्य रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसानों में असंतोष देखा जा रहा है। कई स्थानों पर किसानों को समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था भी किसानों के लिए नई परेशानी बनकर उभरी है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि तकनीकी जानकारी और इंटरनेट सुविधाओं की कमी के कारण ई-टोकन प्राप्त करना आसान नहीं है। कई किसानों को खाद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि बुवाई का समय नजदीक आ रहा है।

### दो एकड़ तक के किसानों को मिलेगा लाभ

कृषि विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी वर्गों के किसानों को अधिकतम दो एकड़ तक इस योजना का लाभ मिलेगा। बीज निगम अथवा अन्य मान्यता प्राप्त प्रदायक संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले हरी खाद के बीज और जैव उर्वरकों की कीमत का 50 प्रतिशत हिस्सा सरकार अनुदान के रूप में देगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि किसानों को स्वयं वहन करनी होगी। यह अनुदान जिला उप संचालक कृषि के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### मिट्टी की सेहत सुधारने पर फोकस

सरकार के अनुसार योजना का उद्देश्य समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देना, मिट्टी की जैविक, भौतिक और रासायनिक संरचना में सुधार करना, जलधारण क्षमता बढ़ाना तथा सूक्ष्म जीवों की सक्रियता को प्रोत्साहित करना है। विभाग का मानना है कि इससे रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग पर नियंत्रण लगेगा और किसानों की उत्पादन लागत कम होगी।

### चुनौती रासायनिक खाद की उपलब्धता

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जैव उर्वरकों और हरी खाद को बढ़ावा देना दीर्घकालिक दृष्टि से सकारात्मक कदम है, लेकिन वर्तमान समय में किसानों की सबसे बड़ी चिंता रासायनिक खाद की समय पर उपलब्धता बनी हुई है। ऐसे में सरकार के सामने चुनौती यह होगी कि वह एक तरफ टिकाऊ खेती को बढ़ावा दे और दूसरी तरफ खरीफ सीजन के दौरान किसानों को आवश्यक रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित करे।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने पद्मश्री दम्पति डा. गोडबोले का किया सम्मान

**रायपुर।** पद्मश्री दम्पति डाक्टर रामचंद गोडबोले और सुनीता गोडबोले से शुक्रवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने मुलाकात की। कलेक्टर ने उनका शॉल, पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया। साथ ही शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोग हमारे प्रदेश के गौरव है।गौरतलब है कि गत दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री दम्पति डॉ रामचंद गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले पद्मश्री से सम्मानित किया था। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। बस्तर के बारसूर जैसे दूरस्थ एवं दुर्गम वनांचल में रहकर उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित लोगों तक निःशुल्क उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता और जनविश्वास का प्रकाश पहुँचाया। कुपोषण मुक्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और ग्रामीण-जनजातीय समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना विकसित करने में उनका योगदान अत्यंत अनुकरणीय और प्रेरणादायी रहा है।

### खिलाड़ियों ने अनेक पदक जीता

**महासमुंद।** स्थानीय मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्राएं दिव्या रंगारी, योजना रंगारी, राइमा दास, पलक पंचबुद्धे, स्वाती यादव ने बास्केटबॉल चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट स्थान बनाते हुए गोल्ड सिल्वर और ब्रॉन्ज अनेक पदक अपने नाम किए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्थान बनाने पर इन छात्राओं का चयन अन्तरराष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप मलेशिया के लिए चयनित हुए हैं, जहां अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने के साथ नगर का नाम भी विश्व पटल पर अंकित किया हैं। इन खिलाड़ी बच्चों की प्रतिभा को निखारने जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी अंजलि बरमाल द्वारा उन्हें खेल छात्रवृत्ति के अंतर्गत संस्था की प्राचार्य विमला सागर को छात्राओं के लिए दस–दस हजार रुपए की चेक प्रदान करते हुए कहा कि ये होनहार खिलाड़ी बच्चे क्षेत्र और प्रदेश के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

### हांडी तालाब की कराई गई सफाई



**रायपुर।** शहर के तात्यापारा वार्ड क्षेत्र में हांडी तालाब गंदगी एवं जलकुंभी से पट चुका है। नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को इस तालाब में सफाई अभियान चलाया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की मौजूदगी में लगभग 15 सफाई कामगारों की विशेष टीम के जरिए हांडी तालाब में फैली जलकुम्भी को बाहर निकालने का कार्य किया।

# मौसम ने उतारी बिजली की गर्मी, खपत डेढ़ हजार मेगावाट तक घटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में वैसे तो भीषण गर्मी पड़ रही है और नौतपा भी चल रहा है, लेकिन इसी बीच प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश हो रही है, तो कहीं ओले भी गिर रहे हैं। कहीं बादल छाए हुए हैं। ऐसे में बिजली की खपत की गर्मी भी उतर गई है। जो खपत बीते माह सात हजार मेगावाट के पार चली गई थी, वह अब छह हजार मेगावाट से भी कम हो रही है।

पीक आवर में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार नहीं जा रही है। मई का प्रारंभ ही मौसम के बदलने से हुआ है, अब तो मई समाप्त होने को है, लेकिन अभी मौसम के कुछ दिनों तक इसी तरह से रहने की संभावना है। मौसम ऐसा ही रहा, तो यह बात तय है कि बिजली की खपत और भी कम होगी। इस समय बिजली की खपत जहां दिन के समय में 51 से 52 सौ मेगावाट हो रही है, वहीं शाम को पीक आवर में खपत छह हजार मेगावाट से कम हो रही है। जहां पर भी बारिश हो रही है, वहीं पर एसी और कूलर कम चल रहे हैं।

- अब पीक आवर में खपत छह हजार मेगावाट से कम
- अप्रैल में सात हजार मेगावाट के पार गई थी खपत



### अपना उत्पादन कम

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर के संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन कभी भी उत्पादन 26 से 27 सौ मेगावाट तक ही हो पाता है। इस समय तो अपना दो हजार मेगावाट के आस-पास हो रहा है। अब तक कोरबा वेस्ट के संयंत्र में एक 210 मेगावाट के दो संयंत्र खराब है। ये संयंत्र करीब एक माह से खराब ही पड़े हैं। खपत ज्यादा न होने के कारण इनको जल्द प्रारंभ करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली ले रहे हैं। इतने का प्रदेश का शेयर भी है। अप्रैल में तो सेंट्रल सेक्टर से रोज पांच हजार मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ी थी। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक 210 मेगावाट के संयंत्रों को जल्द प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद सेंट्रल सेक्टर से और कम बिजली लेनी पड़ेगी।

### अप्रैल में बना खपत का रिकॉर्ड

अप्रैल में इस बार खपत का नया रिकॉर्ड बना। बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट के पार गई थी। लेकिन इस बार खपत 73 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। अप्रैल में लगातार करीब एक सप्ताह तक खपत सात हजार मेगावाट के आस-पास रही है। पहले कभी इतनी खपत नहीं होती थी। ऐसे में लग रहा था कि मई में खपत का पारा 75 सौ मेगावाट तक जा सकता है, लेकिन मई के मौसम ने बिजली की खपत की पूरी खुमारी उतार दी है।

## धान खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन में सामने आई गड़बड़ी

# 12 समितियों में 6590 क्विंटल धान शॉर्टेज मिला, 3 के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उठाव होने के बाद सभी समितियों में शेष भंडारित धान की जांच की गई। इस जांच में 12 समितियों में कुल 6590 क्विंटल धान का शॉर्टेज पाया गया है। इसके तहत इन समितियों को नोटिस जारी किया गया है। इनमें से तीन समितियों का जवाब आया है, जिसे संतोषजनक नहीं पाया गया।

इस मामले में अब प्रशासन स्तर पर समितियों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब तक 3 समितियों के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है, वहीं अन्य समितियों के खिलाफ भी एफआईआर कराए जाने की तैयारी की जा रही है। हालांकि धान खरीदी समिति संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने समिति प्रबंधकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को गलत बताया है।

### शॉर्टेज के बदले धान-राशि जमा करने के निर्देश

भौतिक सत्यापन के दौरान जिन धान खरीदी केंद्र समितियों में धान का शॉर्टेज मिला है, उन समितियों के प्रबंधकों को शॉटेज धान के बदले में धान या राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन अब तक किसी भी समिति ने इसका पालन नहीं किया है। समितियों की मनमानी के चलते अब प्रशासन उनके खिलाफ एफआईआर कराने की कार्रवाई कर रही है।


फाइल फोटो

### इन समितियों के खिलाफ एफआईआर

*विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खौना धरसींवा, रवेली अभनपुर एवं छदिया खरोरा समितियों के खिलाफ थाने में एफआईआर कराई गई है। इन समितियों के प्रबंधकों ने शॉटेज धान की भरपाई करने से इंकार कर दिए हैं। इस कारण से उनके खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई की जा रही है।*

### समितियों में 229 से 850 क्विंटल तक धान शॉर्टेज

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के धान खरीदी केंद्र समितियों में धान स्टॉक शून्य हुआ है या नहीं, इसकी जांच के लिए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए विभाग ने रायपुर जिले में भी कमेटी गठित की थी। इस कमेटी में खाद्य, राजस्व, मंडी एवं सहकारिता विभाग के निरीक्षकों को शामिल किया गया है, जिनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों की धान समितियों में जाकर भंडारित धान का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान धान समितियों में बड़ी मात्रा में धान का शॉर्टेज मिला है, जिसकी कुल कीमत करोड़ों रुपए में है। मिली जानकारी के अनुसार जिन समितियों में धान शॉर्टेज मिला है, उनमें कहीं 229 क्विंटल, कहीं 5 से 6 सौ, तो कहीं 7 से साढ़े 8 सौ क्विंटल धान शॉर्टेज मिला है। रायपुर के अलावा अन्य कई जिलों में भी कई समितियों में धान शॉर्टेज मिलने की खबर है।

**इन उपार्जन केंद्र समितियों में मिला धान शॉटेज**

| शाखा | उपार्जन केंद्र समिति | शॉटेज धान क्विंटल में |
|---|---|---|
| धरसींवा | कुम्हारी धरसींवा | 298.40 |
| खरोरा | खरोरा | 306.78 |
| खरोरा | छदिया | 455.21 |
| तिल्दा | सरफोंगा | 510.52 |
| तिल्दा | लौहड़ा | 538.34 |
| तिल्दा | देवरी तिल्दा | 560.41 |
| मंदिर हसौद | टेकारी मंदिर हसौद | 608.80 |
| खोरपा | टिकारी | 732.39 |
| खोरपा | फरफौद | 734.10 |
| आरंग | रींवा | 855.92 |
| धरसींवा | खौना | 229.60 |
| अभनपुर | रवेली | 305.20 |

### तीन समितियों के खिलाफ एफआईआर

भौतिक सत्यापन में जहां धान का शॉटेज मिला है। उन समितियों को शॉटेज धान के बदले धान या राशि जमा करने कहा जा रहा है। इस निर्देश का पालन नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तीन समितियों के खिलाफ एफआईआर कराई गई है।
**कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर रायपुर

### राईस मिलर्स की लापरवाही का परिणाम

समितियों में शॉटेज मिलना कोई घोटाला नहीं है। यह मार्कफेड और राईस मिलर्स की लापरवाही का परिणाम हैं, जिसके कारण सूखद आने से धान का वजन कम हो जाता है। समय पर उठाव नहीं करने पर राईस मिलर्स पर मार्कफेड पेनॉल्टी भी लगाती है। ऐसे में समितियों के प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर करना सरासर गलत है।
**नरेंद्र कुमार साहू**, प्रांतीय अध्यक्ष, छग धान खरीदी समिति संघ

# बिस्किट फैक्ट्री में भीषण आग रावाभांठा इलाके में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- शुक्रवार देर रात की घटना, आगजनी का कारण स्पष्ट नहीं
- रावाभांठा स्थित भारती फूड्स में बनाई जा रही थी बिस्किट

रावाभांठा स्थित भारती फूड्स फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। हालांकि संबंधित अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रित है।

जानकारी के अनुसार, खम्तराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रावाभांठा स्थित भारती फूड्स में बिस्किट का निर्माण होता है। यहां शुक्रवार देर रात एक हिस्से में आग लग गई। देखते-देखते आग अन्य हिस्सों में भी पहुंच गई। फायर बिग्रेड और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश करती रही। आग के भीषण होने के कारण कई घंटों की मशक्कत के बाद भी इसे पूरी तरह बुझाया नहीं जा सका।

### चार करोड़ की क्षति

मेटन पार्क स्थित यह फूड फैक्ट्री भारती कोडवानी की बताई जा रही है। फैक्ट्री में बिस्किट निर्माण होता है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आग की भीषणता को देखते हुए लगभग 4 करोड़ की हानि का अंदाजा लगाया जा रहा है। इनमें खाक हुई लगभग 1.5 करोड़ की मशीन शामिल है। करीब 2 करोड़ की बिस्किट खाक होने की भी बात कही जा रही है। मामले की जानकारी होते ही उरला थाना पुलिस समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। किसी तरह की जनहानि की सूचना खबर लिखे जाने तक नहीं है।

# पुनर्मूल्यांकन तिथि आगे बढ़ी, अब आवेदन जून में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




- छात्रों को एक प्रश्न के लिए देने होंगे 25 रुपए

सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा 12वीं के री-इवैल्यूएशन और वेरिफिकेशन प्रक्रिया को लेकर अपडेट जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए पोस्ट-रिजल्ट एक्टिविटीज पोर्टल अब 1 जून से शुरू किया जाएगा।

इससे पहले सीबीएसई ने कहा था कि आवेदन पोर्टल शुक्रवार, यानी 29 मई तक शुरू किए जाने की उम्मीद है। हालांकि अब बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि पारदर्शी और बिना तकनीकी दिक्कत वाली प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल को 1 जून से चालू किया जाएगा। सीबीएसई के अनुसार, यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया में उच्चतम मानकों और सभी जरूरी प्रोटोकॉल का पालन किया जा सके।

बोर्ड चाहता है कि छात्र बिना किसी तकनीकी समस्या के अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकें।

### अंक बढ़े तो शुल्क वापस

अगर किसी छात्र को प्रक्रिया से जुड़ा कोई सवाल या समस्या हो, तो वे सीबीएसई की टेली-काउंसलिंग हेल्पलाइन 1800 11 8004 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र **resultcbse2026@cbseshiksha.in** ईमेल आईडी पर भी अपनी शिकायत या सवाल भेज सकते हैं। पूर्व में छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों के बाद सीबीएसई ने पोस्ट-रिजल्ट सेवाओं की फीस में भी बदलाव किया था। संशोधन के मुताबिक, स्कैन कॉपी प्राप्त करने और मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए छात्रों को प्रति विषय 100 रुपए शुल्क देना होगा। वहीं, री-इवैल्यूएशन के लिए शुल्क प्रति प्रश्न के हिसाब से लिया जाएगा, जो कि 25 रुपए प्रति प्रश्न निर्धारित किया गया है। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि अगर री-इवैल्यूएशन के बाद किसी छात्र के अंक बढ़ते हैं, तो उससे लिया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

# पचास से ज्यादा दुकानों की जांच 105 किलो सड़े आम और केले नष्ट

**तीन दिन का जांच अभियान**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने तीन दिन के भीतर राजधानी में पचास से ज्यादा फल दुकानों की जांच की। इस दौरान 105 किलो आम और सड़े केले नष्ट कराए गए। कारोबारियों को इस दौरान चेतावनी दी गई कि फलों पर स्टीकर नहीं लगाएं और उन्हें पकाने केमिकल अथवा अन्य रसायनों का इस्तेमा ना करें।

खाद्य एवं औषधि नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने 27 से 29 मई तक जिला स्तर पर फलों की जांच के लिए अभियान चलाने का निर्देश जारी किया था। इस दौरान मिलने वाले सड़े-गले फलों को नष्ट कराने की हिदायत भी दी गई है। कलेक्टर डा. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर जिले की टीम ने इस अवधि में शहर की 52 फल विक्रेता फर्मों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फल विक्रेताओं को सुरक्षित व स्वच्छ दशाओं में फलों का रख-रखाव, भण्डारण एवं विक्रय करने के कड़े निर्देश दिए गए। जांच में सड़ी-गली हालत में भण्डारित लगभग 105 किलो आम, 10 किलो अंगूर एवं 7 दर्जन लोकर लगे केले पाए गए, जिन्हें मौके पर ही तत्काल नष्ट कराया गया। अधिकारियों ने सभी विक्रेताओं को स्टीकर लगाकर फलों को पकाने, केमिकल एवं सिंथेटिक कलर युक्त फलों का विक्रय नहीं करने की सख्त हिदायत दी। ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित फल मिल सकें। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे भी जारी रहेगी। मिलावटी व असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विक्रय पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# टाउन हॉल में सेवानिवृत्त 68 कर्मचारी हुए सम्मानित



**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार को कलेक्टर गौरव सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह हुआ। इसमें सेवानिवृत्त होने वाले 68 शासकीय कर्मचारियों को श्रीफल, शॉल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कलेक्टर ने सम्मानित किया, साथ ही सभी कर्मचारी को सभी सत्वों का तत्काल भुगतान किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में स्कूल शिक्षा विभाग से 21, स्वास्थ्य विभाग से 3, राजस्व विभाग से 2, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 2, जल संसाधन विभाग से 11, उच्च शिक्षा विभाग के 7, पशुधन विकास विभाग से 2, वन विभाग से 3, लोक निर्माण विभाग से 2, जेल विभाग से 3, उद्यानिकी विभाग से 1, संस्कृति विभाग से 1 शामिल है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय कर्मचारी सदैव प्रशासन की सेवा करते हैं, उनके पूरे सेवाकाल की समाप्ति पर सहसम्मान विदाई हो इसके लिए प्रोजेक्ट वंदन की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि अब से किसी भी विभाग के कर्मचारी रिटायर होंगे, उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ मिथिलेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कोषालय अधिकारी गजानन पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### रिसदा क्षेत्र में ...

दस्तावेज अपूर्ण पाए गए और कोई डॉक्टर भी उपस्थित नहीं थे, जिस पर उसका पंचनामा तैयार कर क्लीनिक बंद करने की नोटिस देते हुए समझाइश दी गई कि नियमानुसार नर्सिंग होम एक्ट के तहत आवेदन देकर क्लीनिक का पंजीकरण उपरांत ही वह क्लीनिक संचालित किया जाय। कार्यवाही के दौरान सरपंच गंगाराम साहू एवं रिसदा के फील्ड स्टाफ उपस्थित थे।

### साइबर ठगी की ...

गई। साइबर ठगी की रकम वापस मिलने पर प्रार्थिया ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही की प्रशंसा की गई। मामले के बाद जिले की पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक अथवा साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल में शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत करने से ठगी गई राशि को होल्ड अथवा वापस प्राप्त करने की संभावना बढ़ जाती है। जिले की पुलिस आपकी सुरक्षा एवं सेवा में सदैव तत्पर।

### फर्जी एनओसी देने...

भानु प्रताप वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस पेदाधिकारी उपस्थित रहे। महापंचायत में उपस्थित किसानों और ग्रामीणों ने एक स्वर में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आंदोलन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। सभा के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने क्षेत्रीय संसाधनों की रक्षा तथा किसानों के अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में अल्दा एवं देवरी के ग्रामीणों, किसान संगठनों और आंदोलनकारियों के शांतिपूर्ण संघर्ष की सराहना की गई तथा आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और दूर-दराज से पहुंचे किसानों का आभार व्यक्त किया।अल्दा की किसान महापंचायत ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में प्रस्तावित उद्योगों के विरोध में चल रहा आंदोलन अब और व्यापक रूप लेने की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# 85 हजार शिक्षकों को दिलाना होगा टेट, कर्मचारी चयन बोर्ड के स्थान पर विभागीय परीक्षा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश के 85 हजार शिक्षकों को वेतनवृद्धि अथवा पदोन्नति के लिए टेट दिलानी होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश देते हुए सभी कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। अब तक व्यापम शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करता आ रहा है।

व्यापम का स्थान अब कर्मचारी चयन बोर्ड लेगा। भविष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा किया जाएगा, लेकिन कार्यरत शिक्षकों के लिए परीक्षा विभागीय स्तर पर आयोजित करने की तैयारी है। इसके पूर्व लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 13 मार्च 2026 को सभी संयुक्त संचालकों व जिला शिक्षा अधिकारियों से उन शिक्षकों की जानकारी मांगी गई थी, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में ऐसे शिक्षकों की संख्या लगभग 85 हजार है। टेट अनिवार्य करने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 मई को दिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित राज्यों और सक्षम अधिकारियों को समय-समय पर टेट आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

- सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार समय पर परीक्षा कराना अनिवार्य
- टेट अनुत्तीर्ण शिक्षकों की पदोन्नति–वेतनवृद्धि नहीं

### समय-सीमा में वृद्धि

कोर्ट ने राहत देते हुए परीक्षा पास करने की समय-सीमा को 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दिया है। लेकिन अन्य प्रावधानों में छूट नहीं दी गई है। सेवानिवृत्ति से जुड़े नियमजिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष या उससे कम का समय बचा है, उन्हें इस परीक्षा से छूट दी गई है। जिन शिक्षकों की सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक शेष है, उनके लिए टेट पास करना पूर्णतया अनिवार्य है और ऐसा न करने पर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जा सकती है।

### ऑफलाइन परीक्षा की मांग

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जुलाई माह में विभागीय स्तर पर शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का आग्रह किया है। शिक्षक संघ के अनुसार, 6 माह के अंतराल में यदि प्रत्येक वर्ष 2 बार शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाए तो योग्य शिक्षकों को कानूनी जरूरत को पूरा करने का सही मौका मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने, विभागीय सीमित टेट पात्रता परीक्षा के आयोजन से न्यायालय व शासन की जटिलताएं पूरी तरह दूर हो जाएंगी। एसोसिएशन ने शासन को सुझाव दिया है कि शिक्षकों की सुविधा के लिए प्रत्येक विकासखंड की 5-7 बड़ी शालाओं या संकुल शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया जाए, ताकि शिक्षक अपनी निकटस्थ शाला में आसानी से परीक्षा दे सकें। परीक्षा के अंतर्गत पेपर-I एवं पेपर-II दोनों आयोजित किए जाएं। शिक्षक पात्रता परीक्षा पूरी तरह ऑफलाइन आयोजित की जाए। चूंकि यह सेवाकालीन शिक्षकों के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा है, इसलिए न्यूनतम उत्तीर्णांक निर्धारित किया जाए।*

**डीएलएड परीक्षा का उड़नदस्ता टीम ने किया निरीक्षणः** सरायपाली। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र का उड़नदस्ता टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। आयोजित डीएलएड परीक्षा की निष्पक्षता और व्यवस्था को जांचने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया। टीम में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल एवं बीआरसी देवानंद नायक तथा सविता शामिल थे।



# 117.14 लाख से सफाई कर्मचारियों के लिए बनेगा नया मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत विगत 70 वर्षों से भी अधिक पुराने स्वच्छता कर्मियों की जर्जर आवास की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सर्व सुविधा युक्त बेहतर आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने शासन को कार्य योजना तैयार कर भेजी गई थी। अत्यंत जर्जर आवास की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए नए निर्माण की मांग भी की गई थी। कैबिनेट मंत्री व विधायक टंकराम वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा दोनों स्वीपर कॉलोनी का निरीक्षण कर जर्जर एवं पुराने आवास को देखा गया था। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा वर्षों से निवास कर रहे हैं। सफाई कामगारों के अत्यंत जीर्णशीर्ण हो चुके मकान के नव निर्माण की मांग की गई थी। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा उक्त आवास के निर्माण कार्य हेतु तत्काल स्वीकृति दिलाई गई व छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर से प्राप्त स्वीकृति अनुरूप वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 के मध्य 10 नग आवास लागत 60.25 लाख एवं वार्ड क्रमांक 16 नयापारा में 12 नए आवास लागत 56.89 लाख से निर्माण किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। कुल 117.4 लाख की लागत से उक्त निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं सभापति व पार्षद गणों ने उक्त कार्य की स्वीकृति व राशि प्रदाय किये जाने पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के सहयोग व प्रयासों से नवनिर्माण के लिए आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।



## पार्षदों व निवासियों ने मंत्री टंकराम वर्मा और नपाध्यक्ष अशोक जैन के प्रति जताया आभार

### सफाई कर्मचारियों के लिए नए आवास निर्माण की तैयारी पूर्ण

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि नगर पालिका के सफाई विभाग में कार्यरत वर्षों से निवासरत कर्मचारियों के लिए उक्त आवास निर्माण किया जाना नितांत आवश्यक था, विगत कई वर्षों से पुराना निर्माण व जर्जर मकान में सफाई कर्मचारी निवास करने मजबूर थे, नया आवास की मांग की समय समय पर की जाती रही है, परन्तु सामान्य सुधार कर आवास में निवासरत रहने मजबूर थे, वर्तमान में उक्त आवास के लिए निर्माण की प्रारंभिक तैयारी पूर्ण कर विधिवत निविदा की कार्यवाही की जा चुकी है, अतिशीघ्र आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।



### जनप्रतिनिधियों और निवासियों ने जताया आभार

आवास के निर्माण कार्य के लिए केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के सहयोग व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रयासों के लिए नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले व सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, कन्हैया सेन, प्रिया शशिभूषण शुक्ला, मनोज कान्त पुरैना, आदित्य गुप्ता, पार्षद अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, रोहित साहू, लोकेश चेलक, सतीश पटेल, सुरेश घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चन्द्र शेखर गुप्ता, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू फेकर, सलमान शेख, ममता सुभाष राव ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्य की सराहना किये है, वही स्वीपर कालोनी के निवासियों ने हर्ष व्यक्त कर आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### डोमार सेन बने किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

**भाटापारा।** जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें भाटापारा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डोमार सेन को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं में हर्ष व्यक्त किया है। डोमार कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए अनेक दायित्वों का निर्वहन करने के साथ सेन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी है। अपनी नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की बात कही।



### रक्त सेवा सम्मान समारोह 10 जून को

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सप्तशक्ति सेवा समिति द्वारा सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में 10 जून को रक्त सेवा सम्मान समारोह आयोजन किया जा रहा है। संस्था की अध्यक्ष अंजना पिथालिया और सचिव रंभा साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में रायपुर शहर की रक्तदान करने वाली युवतियों व महिलाओं को रक्त सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा रक्तसेवा के कार्य में निस्वार्थ भाव से काम करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।
कार्यक्रम शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर सिटी ब्लड बैंक के संचालक डॉ. मनोज लांजेवार द्वारा रक्तदान से संबंधित आवश्यक व महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएगी। साथ ही दीप्ति दुबे द्वारा महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष संबोधन किया जाएगा। जिन महिलाओं व युवतियों ने रक्तदान करने का नेक कार्य किया है वे अपना विवरण 4 जून के पूर्व भेज सकते हैं।

### राज्यसभा सांसद ने तुलसीराम नायक को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने तुलसीराम नायक के निधन पर बोरियाखुर्द जानकीनगर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर गुरुवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। परंपरानुसार उनकी पत्नी ललिता से मुलाकात की। सांसद ने स्व. तुलसी की पत्नी ललिता नायक, बेटे रोहित और निखिल को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि वे परिवार के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगी। इस अवसर परिवारजन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेयर ने किया नए स्वरूप में बने आरआरआर सेंटर का लोकार्पण

**रायपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत राजधानी रायपुर के वीर शिवाजी वार्ड में नगर निगम के जोन कार्यालय परिसर में संचालित आरआरआर सेंटर को नया स्वरूप दिया गया है। महापौर मीनल चौबे ने इस नए आरआरआर सेंटर का लोकार्पण किया। इस नए स्वरूप वाले आरआरआर सेंटर में नगर निगम प्रशासन ने एक ई-बैटरी वाहन उपलब्ध कराया है जो जोन अंतर्गत सभी सात वार्डों में जाकर वहां से रहवासी के घरों से अनुपयोगी वस्तुएं संग्रह करके लाने का कार्य करेगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि आरआरआर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जिसका उद्देश्य कचरे को स्रोत पर कम करना, उपयोग योग्य वस्तुओं का पुनः उपयोग बढ़ाना तथा अपशिष्ट का पुनर्चक्रण कर संसाधनों का संरक्षण करना है।

## जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को बांटे सामग्री और चेक

# सुशासन तिहार के दतरेंगी शिविर में 385 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी





राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शनिवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत दतरेंगी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दतरेंगी सहित 15 पंचायत के लोग शामिल हुए। शिविर में प्राप्त 1299 आवेदनों में से 385 का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में विभिन्न योजना अंतर्गत लगभग 254 हितग्राहियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सामग्री व चेक वितरित किया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल किसान किताब, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास की चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा हितग्राहियों को फलदार पौधे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं। शिविर में विभागीय स्टॉल के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प लगाया गया जिसमें ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा का लाभ उठाया।

# तबादला नीति जल्द जारी करने शिक्षक संघ ने सीएम को लिखी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्य में शिक्षकों एवं शासकीय कर्मचारियों की लंबित स्थानांतरण नीति 2026 को जल्द जारी करने की मांग उठाई है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा है। डॉ. कोमल वैष्णव ने बताया कि नई नीति जारी नहीं होने से हजारों शिक्षक और कर्मचारी असमंजस की स्थिति में है।



वृद्ध माता-पिता गंभीर बीमार परिजनों से दूरी जैसे समस्या से जूझ रहे हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 और वित्तीय वर्ष 2026-27 को देखते हुए जल्द स्थानांतरण नीति लागू की जानी चाहिए ताकि कर्मचारियों को समय पर आवेदन और पदस्थापना का अवसर मिल सके। संभाग प्रभारी देवनाथ, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे महासचिव तेज कुमार वैष्णव जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, जिला सचिव चूड़ामणि साहू, जिला महामंत्री नागेश्वर पटेल, प्रदीप कैवर्त, राजेन्द्र कश्यप, दीपक सारंग, महेंद्र वैष्णव, महेंद्र साहू, बुद्धेश्वर ध्रुव, रामदयाल साहू आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, वरिष्ठता, पारिवारिक परिस्थिति, दिव्यांगता, महिला कर्मचारियों चिकित्सीय आधार तथा दुर्गम क्षेत्रों में सेवा अवधि जैसे बिंदुओं को स्पष्ट रूप से शामिल करते हुए नयी स्थानांतरण नीति शीघ्र जारी की जाए। साथ ही ऑनलाइन आवेदन और निष्पक्ष काउंसलिंग के माध्यम से स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी करने की व्यवस्था की जाए जिससे देरी और भ्रष्टाचार पर रोक लग सके अतः संगठन ने शीघ्र स्थानांतरण प्रक्रिया का पूरा कैलेंडर जारी करने की भी मांग की है ताकि लंबे समय से पीड़ित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को लाभ मिल सके।

# बाइक और सबमर्सिबल पंप चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार एक लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से लगातार हो रही सबमर्सिबल पंप, केबल वायर और मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बलौदाबाजार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर चोरी की वारदातों में संलिप्त दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक विधि से संघर्षरत बालक नाबालिक भी शामिल है।

पुलिस टीम ने शहर में हुई चोरी की कड़ियों को जोड़ने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के बारीकी से अवलोकन पर दो संदिग्ध व्यक्ति हर घटनास्थल के आसपास घूमते हुए दिखाई दिए। हुलिए और हरकतों से साफ था कि दोनों आरोपी चोरी की नीयत से इलाकों की रेकी कर रहे थे।

इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर जाल बिछाया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया।



कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपियों ने बलौदाबाजार शहर के अलग-अलग इलाकों से सबमर्सिबल पंप, महंगे केबल वायर और मोटरसाइकिल चोरी करने का जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 1,00,000 आंकी गई है, जिसमें 3 सबमर्सिबल पंप एवं केबल वायर और 1 मोटरसाइकिल शामिल हैं।

पकड़े गए आरोपियों में अजय पटेल 22 वर्ष निवासी पहंदा रोड, साहू धर्मशाला के पास बलौदाबाजार और दूसरा विधि से संघर्षरत एक बालक है। 30 मई को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## वार्ड 26 में विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 2 अंतर्गत दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक-26 में शुक्रवार को कई विकास कार्यों की सौगात दी गई। इसके तहत लगभग 50 लाख रुपए के स्वीकृत नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, साथ ही लगभग 75 लाख के नए विकास कार्य पूर्ण होने पर उनका लोकार्पण किया। महापौर मीनल चौबे, विधायक राजेश मूणत, सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने स्वीकृत विकास कार्य के लिए पूजा और कूदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, दानवीर भामाशाह वार्ड पार्षद रामहीन कुर्रे सहित बड़ी संख्या अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद वर्मा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

रायपुर कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार को कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 68 शासकीय कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेल्दार सिवनी, जिला रायपुर के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद वर्मा को भी कलेक्टर गौरव कुमार सिंह द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके सेवाकाल के योगदान के लिए सम्मानित करने के साथ ही उनके समस्त देयकों का तत्काल भुगतान भी किया गया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के 21, स्वास्थ्य विभाग के 3, राजस्व विभाग के 2, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 2, जल संसाधन विभाग के 11, उच्च शिक्षा विभाग के 7, पशुधन विकास विभाग के 2, वन विभाग के 3, लोक निर्माण विभाग के 2, जेल विभाग के 3, उद्यानिकी विभाग के 1 तथा संस्कृति विभाग के 1 कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने कहा कि शासकीय कर्मचारी अपने पूरे सेवाकाल में प्रशासन और समाज की सेवा करते हैं। उनके सम्मानजनक विदाई के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट वंदन' की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि अब जिले के किसी भी विभाग का कर्मचारी सेवानिवृत्त होगा तो उसे सम्मान पूर्वक विदाई दी जाएगी।



समारोह में जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कोषालय अधिकारी गजानन पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक एनीकट में डूबा

**रायपुर ।** मुजगहन थाना क्षेत्र के सातपाखर एनीकट में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया एक युवक तैरते वक्त डूब गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस, गोताखोरों की टीम के साथ एनीकट में डूबे युवक की तलाश करने पहुंची। शाम को अंधेरा होने की वजह से गोताखोरों की टीम मौके से लौट आई। दूसरे दिन गोताखोरों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चलाएगी। पुलिस के अनुसार गुढ़ियारी शुक्रवारी बाजार निवासी रूपेश कुमार देवांगन अपने अन्य पांच साथियों के साथ पिकनिक मनाने गया था। एनीकट में डूबे युवक के एक दोस्त के अनुसार दोपहर में जब सभी खाना खाने बैठे थे, इस दौरान रूपेश एनीकट में नहाने के लिए चला गया। मौके पर उपस्थित दोस्तों ने रूपेश को एनीकट में जाने से मना किया। दोस्तों की समझाइश को नजर अंदाज करते हुए रूपेश पानी की गहराई में तैरते हुए एनीकट की बाउंड्री छूने पहुंच गया।

## नई पंचायत गोपालपुर में अब तक नहीं खुला रोजगार मूलक काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर

जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में मात्र एक गांव गोपालपुर को नवगठित ग्राम पंचायत का दर्जा दिया गया है। वहां आज पर्यन्त तक कोई भी रोजगार मुलक काम चालू नहीं हुआ है, जिससे लोगों में शासन प्रशासन से नाराज़गी देखा जा रही है। क्योंकि शासन के मुख्य उद्देश्य है, कि ग्रामीणों को रोजगार देकर पलायन को रोकना।

ग्रामीणों ने चर्चा में बताया कि फरवरी 2025 को ग्राम पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ है और आज पर्यन्त तक कोई भी रोजगार मुलक काम शासन प्रशासन द्वारा संचालित नहीं किया गया है, जबकि 15 माह बेरोजगार रह गये हैं। यदि कार्य चलता तो समय का सदुपयोग होता और साथ-साथ खेती किसानी में बीज खाद कीटनाशक दवाएं खरीदने एवं बच्चों को स्कूल में भर्ती करने, कापी पुस्तक खरीदने व अन्य खर्च का वहन हो जाता है। अब काम नहीं खुला तो साहूकार से कर्जा लेकर सभी कार्य को वहन करना पड़ेगा जो चिंता का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार पता चला है कि ग्राम पंचायत का अलग कोड नहीं बना था। न रोजगार गारंटी के अलग आईडी नहीं बना था। इसी कारण शायद रोजगार मुलक काम चालू करने में दिक्कत होगी। ग्रामीणों मजदूरों ने रोजगार मुलक काम खोलने के लिए शासन प्रशासन से मांग की है, ताकि लोगों को काम मिल सके और आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार आ सके।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर दिलाई नशामुक्ति की शपथ

# तम्बाकू निषेध दिवस पर संयंत्र का जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी-रावन

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों, ट्रक चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने स्लाइड शो के माध्यम से तम्बाकू सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तम्बाकू न केवल कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, बल्कि व्यक्ति की कार्यक्षमता एवं पारिवारिक सुख-शांति को भी प्रभावित करता है। ब्रह्माकुमारी बहनों ने सकारात्मक सोच, योग एवं राजयोग ध्यान को नशामुक्त जीवन का प्रभावी माध्यम बताते हुए सभी को स्वस्थ एवं नशा मुक्ति जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के लॉजिस्टिक्स एचओडी रत्नेश शुक्ला, नरेश दाहिया, रितेश पांडे, अमिताभ सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण एवं ट्रक चालक, नागरिक उपस्थित थे।





# नौतपा में भीषण गर्मी के बीच गौ माता अपनी प्यास बुझाते

**अर्जुनी।** नौतपा में भीषण गर्मी का तापमान दिन प्रतिदिन बहुत बढ़ता जा रहा है। भीषण धूप तपिश और उमस के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मानव तो मानव पशु पक्षी भी बूंद-बूंद पानी और छाया को तरसने को विवश है। ऐसा ही एक दृश्य कैमरे में कैद हुआ, जिसको भद्रापाली के एक समाजसेवी ने हमारे इस प्रतिनिधि को दिया। जहां भीषण गर्मी के बीच एक बछड़ा अपनी मां के साथ नल की टोटी से प्यास बुझाने का प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

